(ख) यह अनुमोदित परियोजना नहीं है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

(घ) और (ङ) रेलवे खर्च की गई राशि का लेखा राज्यवार या जिले-वार नहीं रखती है ।

रेल लाइनों का विद्युतीकरण

1107. **श्री अजीत जोगी :**
कुमारी सुशीला तिरिया :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) निकट भविष्य में रेल लाइनों का विद्युतीकरण करने की योजनाओं का राज्यवार ब्यौरा क्या है ;

(ख) इसके लिए वर्ष 1991-92 में कितनी धन राशि निर्धारित की गई है ; और

(ग) मध्य प्रदेश में रेल लाइनों के विद्युतीकरण में कितनी प्रगति हुई है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) आठवीं पंचवर्षीय योजना तथा इसके बाद की अवधि के लिए विद्युतीकरण कार्यक्रम को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है । इस समय 2377 मार्ग कि० मी० में विद्युतीकरण का कार्य चल रहा है तथा 1961 मार्ग कि० मी० में विद्युतीकरण करने के प्रस्तावों को 1992-93 के रेल बजट में शामिल किया गया है ।

(i) इस समय चल रहे विद्युतीकरण संबंधी कार्यों का ब्यौरा नीचे दिया गया है :-

खंड	कुल मार्ग कि० मी०	ऊर्जित मार्ग कि० मी०	शेष मार्ग कि० मी०	लागत (करोड़ रुपयों में)	संबंधित राज्य	मार्ग कि० मी०
1	2	3	4	5	6	7
भोपाल-नागदा तथा	239	171	68	105.77	मध्य प्रदेश	68
साबरमती-गांधीनगर वस्तुपरक आशोधन के रूप में शामिल	(+)28	—	28		गुजरात	28
जोलारपेटटै-बेंगलूरु	143	73	70	50.00	कर्नाटक	70
जोलारपेटटै-ईरोड तथा सेलम-मेट्टूर बांध	221	153	68	72.05	तमिलनाडु	68
बीना-कटनी	263	—	263	86.27	मध्य प्रदेश	263
कटनी-बिलासपुर, अनुपपुर-बिश्रामपुर/ चिरीमिरी	502	—	502	130.14	मध्य प्रदेश	502
काजीपेट-सनतनगर	167	18	149	71.01	आंध्र प्रदेश	149
सीतारामपुर-आझा	154	—	154	55.20	पं० बंगाल	16
					बिहार	138
सोननगर-पतरातू	291	—	291	110.24	बिहार	291

1	2	3	4	5	6	7
गुमिया-पतरातू	72	—	72	17.86	बिहार	72
दिल्ली अंबाला-लुधियाना	314	—	314	136.96	पंजाब	108
					हरियाणा	178
					दिल्ली (सं०शा० प्र०)	28
बोकारो-स्टील सिटी-	398	—	398	113.02	बिहार	224
मुरी-हटिया-बोंडामंडा-					उड़ीसा	138
बरसुआन और बिमलगढ़/ किरीबुरू					पश्चिम बंगाल	36

(ii) 1992–93 के रेल बजट में 1961 मार्ग कि० मी० में विद्युतीकरण के लिए शामिल किये गये नये प्रस्ताव इस प्रकार हैं :–

खंड	कुल मार्ग कि०मी०	लागत (करोड़ रुपयों में)	संबंधित राज्य	मार्ग कि०मी०
अंबाला-मुरादाबाद	274	147.40	हरियाणा	51
			उत्तर प्रदेश	223
विजयवाडा-विशाखापटनम (सामलकोट-काकिनाडा पोर्ट सहित)	366	210.08	आंध्र प्रदेश	366
ईरोड-पालघाट-एर्णाकुलम (कोचीन हार्बर टर्मिनल सहित)	324	167.76	तमिलनाडु	130
			केरल	194
रेणिगंटा-गुंतकल-होसपेट तथा तोरणगल्लू-रंजीतपुरा शाखा लाइन	448	177.02	आंध्र प्रदेश	328
			कर्नाटक	120
चांडिल-मुरी-बरकाकाना	119	32.22	बिहार	95
			पश्चिम बंगाल	24
जामादोबा-मोहुदा	22	4.80	बिहार	22
झाझा-मुगलसराय (रामपुर डुमरा-गडहरा/बरौनी सहित)	408	185.20	बिहार	308
			उत्तर प्रदेश	100

नये प्रस्तावों सहित इस समय चल रहे विद्युतीकरण संबंधी कार्यों का राज्यवार संक्षिप्त विवरण

क्रम सं०	राज्य	मार्ग कि०मी०
1	2	3
1.	आंध्र प्रदेश	843
2.	बिहार	1150

1	2	3
3.	हरियाणा	229
4.	गुजरात	28
5.	केरल	194
6.	कर्नाटक	190
7.	मध्य प्रदेश	833
8.	उड़ीसा	138
9.	पंजाब	108
10.	तमिलनाडु	198
11.	उत्तर प्रदेश	323
12.	पश्चिम बंगाल	76
13.	दिल्ली (सं. शा. प्र.)	28
	जोड़	4338

(ख) वर्ष 1991–92 के दौरान विद्युतीकरण कार्यों के लिए 235 करोड़ रुपए के परिव्यय की व्यवस्था की गई है।

(ग) अभी तक मध्य प्रदेश राज्य में पड़ने वाले 1756 मार्ग कि० मी० में विद्युतीकरण हो चुका है जो सभी ग्रामानों के रेलपथ का 29.92% है । इसके अलावा, मध्य प्रदेश राज्य में 833 मार्ग कि० मी० में विद्युतीकरण के कार्य चल रहे हैं ।

न्यू मुम्बई में कलवा-नेरूल रेल लाइन

1108. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि न्यू मुम्बई में कलवा-नेरूल रेल लाइन का निर्माण कार्य पूरा हो गया है ;

(ख) यदि हां, तो इस मार्ग पर स्थानीय यात्री गाड़ियां कब से शुरू किए जाने की संभावना है ;

(ग) नेरूल-बेलापुर मार्ग का कार्य कब तक पूरा हो जाने की संभावना है और इस मार्ग पर रेल गाड़ियां का चलना कब से शुरू हो जाने की संभावना है ;

(घ) मान-खुर्द न्यू मुम्बई रेल लाइन का कार्य कितना पूरा हो चुका है और यह काम कब तक पूरा हो जाने की संभावना है ;

(ङ) क्या यह सच है कि कलवा-नेरूल लाइन पर रेल गाड़ियां वी० टी० से शुरू किए जाने का विचार है ; और

(च) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) जी नहीं ।

(ख) से (घ) (i) कालवा-तुर्भे-जुई-नगर माल यातायात के लिए एक साइडिंग है जिसका सिडकों के लिए निक्षेप कार्य के रूप में निर्माण किया जा रहा है । साइडिंग का कालवा से तुर्भे तक का मार्ग पूरा